आकाशवाणी चंडीगढ़

16 जनवरी 2025, समय 1810

समाचार

- सरकार ने आज केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की।

- प्रयागराज में महाकुंभ में आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

- दस देशों के 21 सदस्यीय दल ने भी कुंभ स्नान किया।

- हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत गरीब परिवार के बुजुर्गों को सरकारी खर्चे पर प्रयागराज में महाकुंभ स्नान करायेगी।

- आज देश भर में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया गया।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्टार्ट अप पहल ने नौ साल पूरे किए।

- भिवानी के गांव अजीतपुर की दीक्षा मलिक ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में कुश्ती के विश्व चैंपियन को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

**************************************************

केंद्र सरकार ने आज केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा-

उन्होंने कहा कि अभी 8वें वेतन आयोग के गठन से वेतन पैनल की सिफारिशें प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। उन्होंने कहा कि आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी।श्री वैष्णव ने कहा मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र को लेकर बहुत बड़ा फैसला लिया है। बैठक में 3 हजार नौ सौ 85 करोड़ की लागत से तीसरे लांच पैड को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2040 तक भारत के चांद पर पहुंचने के लक्ष्य में तीसरे लांच पैड की अहम भूमिका होगी।

..............................................................................

प्रयागराज में महाकुंभ के चौथे दिन भी आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। दुनिया के इस सबसे बड़े धार्मिक समागम में लगभग 7 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं।

तीसरे शाही स्नान पर 10 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने की उम्मीद है।

आज दस देशों का 21 सदस्यीय दल ने संगम में स्नान किया। इससे पहले विदेशी दल ने रात्रि में अखाड़ों के संतों के दर्शन भी किए. महाकुंभ में आज से 24 फरवरी तक 'संस्कृति का महाकुंभ' भी शुरू हो गया है।

...........................................................................................................

हरियाणा सरकार द्वारा शुरु की गई 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत' अब गरीब परिवार के बुजुर्गों को सरकारी खर्चे पर प्रयागराज स्थित महाकुंभ तीर्थ स्नान के लिए भेजा जायेगा।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्तमान सरकार के 100 दिन की उपलब्धियों को लेकर आज चंडीगढ़ बुलाई गई प्रशासनिक सचिवों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा की कि वर्तमान सरकार के 100 दिन के कार्यकाल में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों के विकास के लिए कई अहम कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने पहले 100 दिनों और अगले पांच वर्षों के जनहित के एजेंडे को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की।

********************************************************

आज देश भर में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया गया ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्टार्ट अप पहल ने आज अपने 9 साल पूरे किए हैं। स्टार्टअप संस्कृति को गति देने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई यह पहल देश की समृद्धि और आर्थिक विकास में अहम योगदान दे रही है।आकाशवाणी समाचार ने आज स्टार्ट अप से दूसरों को रोजगार देने वाले युवा उद्यमियों से बातचीत की।करनाल के काछवा गांव निवासी नितिन ललित ने देश में स्टार्टअप कार्यक्रम की शुरुआत से प्रोत्साहित होकर कनाडा से वापिस आ कर प्लास्टिक को रिसाइकिल कर गमले बनाने का स्टार्टअप अल्फा एडवांटेज शुरू किया।

उसने आज सवा सौ लोगों को इस रोजगार से जोड़ दिया है। उनके गमलों की ऑनलाइन अच्छी मांग है। उनके इस स्टार्टअप का सालाना कारोबार 65 लाख तक पहुंच गया है।वहीं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन केंद्र की मदद से अपने छोटे से स्टार्ट अप मैड ओवर मिलेट्स को आगे बढ़ाने वाली युवा उद्यमी आँचल ने बताया—

आज उसके स्टार्ट अप का कारोबार 40 लाख को पार कर गया है।

---

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने आज कुलपति कार्यालय में विश्व स्टार्टअप दिवस पर विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा 21-22 फरवरी को आयोजित होने वाले स्टार्टअप कार्यक्रम की विवरणिका का विमोचन किया। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि स्टार्टअप द्वारा युवा नवाचार एवं उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाकर देश की आर्थिक समृद्धता में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र एवं आत्मनिर्भर भारत के लिए विद्यार्थियों को स्टार्टअप, नवाचार, उद्यमिता, इटर्नशिप के माध्यम से स्वरोजगार की दिशा में अपने कदम बढ़ाने होंगे।

*****************************************************

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सरकार नागरिकों के लिए सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। नई दिल्ली में सड़क सुरक्षा पर दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन इंडियन रोड @2030: द सेफ स्पेस को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि सरकार ने कार की पिछली सीट पर बैठे लोगों के लिए भी

सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य कर दिया है, और इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकिंग सिस्टम जैसी तकनीकों पर भी जोर दिया है। श्री गडकरी ने अधिकारियों से लोगों को सड़क पर पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सावधानियों के बारे में शिक्षित करने का आग्रह भी किया।

*******************************************************

भिवानी जिला के गांव अजीतपुर की बेटी दीक्षा मलिक ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में कुश्ती खेल के विश्व चैंपियन को हराकर स्वर्ण पदक जीता है।दीक्षा के प्रशिक्षक मनदीप ने बताया कि 14 से 17 जनवरी तक पंजाब के बठिंडा में गुरू काशी

विश्वविद्यालय में चल रही अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में दीक्षा मलिक ने 72 किलोग्राम भार वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। उन्होंने बताया कि दीक्षा ने यह स्वर्ण पदक विश्व चैंपियन को हराकर जीता है। दीक्षा मलिक ने कहा है कि वह देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के लिए जी जान से मेहनत करेंगी।

----------